लापरवाही

जननी एंबुलेंस में गंभीर मरीज को किया गया रेफर, रास्ते में खत्म हुई ऑक्सीजन, मौत के बाद परिजनों का हाईवे पर तीन घंटे तक हंगामा, प्रशासनिक आश्वासन पर खुला जाम

# खाली ऑक्सीजन, गलत एंबुलेंस और टूटा सिस्टम, अस्पताल की लापरवाही ने ली एक और जान





**डिंडोरी, नवभारत 5 फरवरी।** गुरुवार के दिन जिला अस्पताल की कथित लापरवाही ने एक और जान ले ली। इलाज के नाम पर बदइंतजामी, रेफर के नाम पर लापरवाही और एंबुलेंस व्यवस्था की पोल खुलने के बाद शनिवार को जिला अस्पताल के बाहर और रानी अवंती बाई चौक पर गुस्से का सैलाब उमड़ पड़ा। मरीज की मौत से आक्रोशित परिजन खाली ऑक्सीजन सिलेंडर हाथ में लेकर हाईवे पर धरने पर बैठ गए और तीन घंटे तक यातायात ठप कर दिया।

परिजनों के मुताबिक पेट दर्द की शिकायत के बाद उन्हें जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया था। हालत बिगड़ने पर उन्हें जबलपुर रेफर किया गया, लेकिन गंभीर मरीज को एएलएस/बीएलएस एंबुलेंस की बजाय जननी एंबुलेंस में भेज दिया गया। यह वही चूक साबित हुई, जिसने मरीज की जान ले ली।

## ऑक्सीजन व्यवस्था बनी मौत की वजह

परिजनों का आरोप है कि जननी एंबुलेंस में रखा एक ऑक्सीजन सिलेंडर पहले से ही खाली था। दूसरा सिलेंडर परिजनों ने अस्पताल से 2000 रुपये जमा कर लिया था, लेकिन वह भी रास्ते में खत्म हो गया। ऑक्सीजन लेवल गिरता गया और जब तक कोई वैकल्पिक व्यवस्था होती, मरीज ने दम तोड़ दिया।

## एंबुलेंस चालक का बड़ा खुलासा

जननी एंबुलेंस के चालक ने खुद स्वीकार किया कि इस एंबुलेंस में न वेंटिलेटर होता है, न ही पर्याप्त ऑक्सीजन। आमतौर पर इसमें केवल एक सिलेंडर रहता है और यह एंबुलेंस गर्भवती महिलाओं के लिए होती है, न कि गंभीर मरीजों के लिए। इसके बावजूद जिला अस्पताल प्रबंधन ने गंभीर मरीज को इसी एंबुलेंस से रेफर कर दिया।

## तीन घंटे तक हाईवे जाम

मरीज की मौत के बाद परिजन जिला अस्पताल के सामने और रानी अवंती बाई चौक पर धरने पर बैठ गए। खाली सिलेंडर रखकर प्रदर्शन किया गया और जिम्मेदार अधिकारियों पर कार्रवाई की मांग की गई। इसी बीच तहसीलदार रामप्रसाद मार्को मौके पर पहुंचे, लेकिन परिजन कलेक्टर को बुलाने की मांग पर अड़े रहे, जिससे बातचीत विफल रही।

## आश्वासन पर खुला जाम

स्थिति बिगड़ती देख एसडीएम भारती मेरावी और मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. मनोज पांडे मौके पर पहुंचे। जांच और न्यायोचित कार्रवाई का आश्वासन दिए जाने के बाद ही परिजन माने और जाम खोला जा सका। जाम के दौरान पुराने यातायात थाना और रानी अवंती बाई चौक से रूट डायवर्ट करना पड़ा, जिससे आम नागरिकों और वाहन चालकों को भारी परेशानी झेलनी पड़ी।

## नहीं सुधरे हालात

गौरतलब है कि करीब डेढ़ माह पूर्व कलेक्टर डिंडोरी ने जिला अस्पताल की अव्यवस्थाओं को लेकर सिविल सर्जन डॉ. अजय राज को पद से हटाकर डॉ. रमेश मरावी को प्रभार सौंपा था, लेकिन ताजा घटना ने साफ कर दिया है कि कार्रवाई के बाद भी सिस्टम जस का तस है। लिहाजा सवाल वही पुराना—आखिर कब सुधरेगा जिला अस्पताल? एक और मौत, एक और हंगामा, एक और जांच का आश्वासन। अब बड़ा सवाल यही है कि क्या इस मौत के बाद जिम्मेदारों पर ठोस कार्रवाई होगी या फिर यह मामला भी फाइलों में दबकर रह जाएगा ?

### इनका कहना है

जैसा कि प्रदर्शनकारियों ने बताया है, उसकी जांच कर दोषियों पर कार्यवाही की जाएगी।

**डॉ. मनोज पांडे, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, डिंडोरी**

जानकारी प्राप्त हुई कि एक मरीज को जननी एक्सप्रेस में रेफर किया गया था और ले जाते वक्त दो सिलेंडर दिए गए थे, लेकिन परिजनों का आरोप है कि जो सिलेंडर दिए गए थे वह रास्ते में ही खत्म हो गए थे, जिसके चलते मरीज की मौत हुई है। कार्यवाही के संबंध में परिजनों ने हमे ज्ञापन सौंपा है। जिस पर सीएमएचओ कार्यवाही कर रहे हैं। मामले में जो भी दोषी पाया जाता है, उस पर जिला प्रशासन द्वारा कार्यवाही की जाएगी।

**भारती मेरावी, एसडीएम डिंडोरी**

पशु चिकित्सक को डिंडोरी हॉस्पिटल से जबलपुर के लिए रेफर किया गया था, लेकिन कुंडम से पहले हो उन्होंने दम तोड़ दिया। जाम लगाने का हमारा मुख्य उद्देश्य यह है कि मरीज को भरे सिलेंडर के नाम पर खाली सिलेंडर दिया गया, जो कि मौत का कारण बना। जबकि, सिलेंडर के नाम पर दो हजार रुपए की राशि भी जमा कराई गई थी। हमारी मांग महज इतनी है कि रेफर के दौरान जो भी अधिकारी मौके पर पदस्थ थे उन पर कार्यवाही की जाए।

**प्रियांशु परस्ते, प्रदर्शनकारी छात्र**



# शहपुरा में हटाया गया 200 केवीए का ट्रांसफार्मर

- 8.50 लाख की वसूली नहीं होने पर उठाया कदम

**डिंडौरी/शहपुरा, नवभारत 5 फरवरी।** शासन की समाधान योजना की अनदेखी और लाखों के बकाया बिजली बिल ने आखिरकार बड़ा रूप ले लिया। डिंडौरी वृत्त अंतर्गत वितरण केंद्र शहपुरा में गुरुवार को विद्युत विभाग ने सख्त रुख अपनाते हुए एक स्टोन क्रेशर परिसर से 200 केवीए का ट्रांसफार्मर हटाने की कार्रवाई की। विद्युत अधिकारियों के मुताबिक रेखा गोस्वामी, स्टोन क्रेशर शहपुरा पर करीब 8 लाख 50 हजार रुपये का विद्युत बिल लंबे समय से बकाया था। उपभोक्ता को शासन की महत्वाकांक्षी समाधान योजना के तहत छूट का लाभ लेने का अवसर भी दिया गया और बार-बार भुगतान हेतु समझाइश की गई, लेकिन तय समयसीमा में राशि जमा नहीं की गई।

**वसूली व सख्त कार्रवाई जारी रहेगी**-बकाया राशि नहीं चुकाने पर जब विभागीय टीम ट्रांसफार्मर हटाने पहुंची तो मौके पर शासकीय कार्य में बाधा उत्पन्न की गई और विवाद की स्थिति बन गई। हालात बिगड़ते देख एसडीएम शहपुरा ऐश्वर्य वर्मा के प्रशासनिक सहयोग से पुलिस बल बुलाया, जिसके बाद कानून के तहत ट्रांसफार्मर हटाने की कार्रवाई सफलतापूर्वक पूरी की गई। प्रशासन और विद्युत विभाग ने दो टूक शब्दों में स्पष्ट किया है कि बकायादारों के खिलाफ अब नरमी नहीं, शासन के निर्देशानुसार वसूली और सख्त कार्रवाई आगे भी लगातार जारी रहेगी।

## एक नजर में



### हितग्राहियों को कड़कनाथ चूज़ों का वितरण

**मेहंदवानी, नवभारत।** विगत दिवस आत्मा परियोजना के अंतर्गत ग्राम चौबीसा मॉल में आजीविका संवर्धन के उद्देश्य से 14 हितग्राहियों को कड़कनाथ नस्ल के चूज़े वितरित किए गए। साथ ही कुक्कुट आहार, दाना-पानी के बर्तन एवं आवश्यक औषधियां भी प्रदान की गईं। इस अवसर पर विभागीय अमले द्वारा कड़कनाथ पालन, पोषण, रोग-निवारण एवं स्वच्छता संबंधी जानकारी दी गई। कार्यक्रम का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में स्वरोजगार को बढ़ावा देना, पोषण स्तर सुधारना एवं आर्थिक सशक्तिकरण सुनिश्चित करना है।



### गोंड कला की पारंपरिक शैलियों का दिया प्रशिक्षण

**करंजिया, नवभारत 5 फरवरी।** विकासखंड करंजिया के ग्राम पाटनगढ़ माल स्थित हस्तकला भवन में जीओ गोंड़ कलाकृति मर्यादित सहकारी समिति द्वारा प्रसिद्ध गोंडी कलाकार रोशनी श्याम के मार्गदर्शन में विशेष गोंड कला कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में प्रतिभागियों को गोंड कला की पारंपरिक शैली, प्रतीकात्मकता और रचनात्मक तकनीकों का व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया जा रहा है। इसमें बांस, पेंटिंग, मूर्ति एवं घास विधा से जुड़े कलाकार भाग ले रहे हैं।कार्यशाला का उद्देश्य जनजातीय गोंड कला की समृद्ध परंपरा का संरक्षण, नवोदित कलाकारों को प्रोत्साहन देना तथा पारंपरिक कला को आधुनिक रचनात्मक दृष्टिकोण से जोड़ना है।



### स्वास्थ्य सूचकांकों की समीक्षा बैठक आयोजित

**डिंडौरी,नवभारत 5 फरवरी।** कलेक्टर अंजू पवन भदौरिया के निर्देशन में सीएचसी समनापुर में खंड स्तरीय स्वास्थ्य सूचकांकों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में एएनसी पंजीयन, हाई रिस्क गर्भवती, टीकाकरण, टीबी, निक्षय, आयुष्मान कार्ड तथा सुघड़ टूरी अभियान अंतर्गत सिकल सेल व एनीमिया से संबंधित प्रगति की समीक्षा की गई। अधिकारियों को 10 दिवस में सुधार सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। बैठक में सीएमएचओ, खंड चिकित्सा अधिकारी, बीपीएम, बीईई, बीसीएम, सेक्टर सुपरवाइजर, सीएचओ व एएनएम उपस्थित रहे।

## पुलिस ने 3 पशु तस्करों को किया गिरफ्तार

**चिल्हारी नवभारत 5 फरवरी।** जिले के मानपुर थाना क्षेत्र में पशु तस्करी के खिलाफ पुलिस ने बड़ी और सख्त कार्रवाई करते हुए तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। यह कार्रवाई सेमरा-सेमरी रोड स्थित उर्दना तिराहा, ग्राम सेमरी के पास की गई, जहां एक पिकअप वाहन में क्रूरता पूर्वक पशुओं का अवैध परिवहन किया जा रहा था। पुलिस के अनुसार पकड़े गए आरोपियों में अनुराग जायसवाल, चन्द्रभान जायसवाल और हानिफ जायसवालशामिल हैं। आरोपियों के कब्जे से 2 भैंस, 2 पडा लगभग 70 हजार तथा पिकअप वाहन क्रमांक एमपी-21 जेडसी-7465, जिसकी कीमत करीब 8 लाख को जब्त किया। मानपुर थाना प्रभारी मुकेश मर्सकोले ने बताया कि वाहन को संदिग्ध स्थिति में रोककर जांच की गई। जिसमें पशुओं के परिवहन से संबंधित आवश्यक दस्तावेज नहीं पाए गए।

# गबन प्रकरण में कृषि जिला प्रबंधक की सेवा समाप्त

- भ्रष्टाचार मामले में कलेक्टर ने उठाया सख्त कदम, नोटिस जवाब संतोषजनक नहीं पाया गया

**नवभारत उमरिया 5 फरवरी।** विगत दिनों नवभारत में प्रकाशित खबर को जिला कलेक्टर ने संज्ञान में लेते हुए जिले में ग्रामीण आजीविका मिशन से जुड़े बहुचर्चित भ्रष्टाचार मामले में कड़ा कदम उठाते हुए आरोपी अधिकारी की संविदा सेवा समाप्त कर दी है।

कलेक्टर ने जिला प्रबंधक (कृषि) महेन्द्र कुमार बारसकर को प्रशासनिक और वित्तीय अनियमितताओं के साथ कर्तव्य निर्वहन में घोर लापरवाही का दोषी मानते हुए तत्काल प्रभाव से सेवा से हटा दिया है। कलेक्टर द्वारा जारी आदेश में उल्लेख किया गया है कि मध्यप्रदेश शासन, पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग तथा मध्यप्रदेश ग्रामीण आजीविका मिशन अंतर्गत जिला स्तर पर प्राप्त प्रशासनिक और वित्तीय अधिकारों के तहत यह कार्रवाई की गई है। आदेश जारी होते ही प्रभावशील हो गया, जिससे यह स्पष्ट संकेत गया है कि शासकीय योजनाओं में गड़बड़ी करने वालों के खिलाफ सख्त रुख अपनाया जाएगा।

## शासकीय राशि के दुरुपयोग का मामला हुआ था उजागर

दरअसल, नवभारत ने ग्रामीण आजीविका मिशन, जिला उमरिया में हुए कथित गबन और फर्जी भुगतान के मामले को प्रमुखता से उठाया था। खबर में बताया गया था कि पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग की योजनाओं के अंतर्गत प्रशिक्षण व्यय और मानदेय की स्वीकृत राशि का एक बार भुगतान हो जाने के बावजूद, उसी स्वीकृति के आधार पर दोबारा भुगतान कर दिया गया। इसके अलावा बिना किसी सक्षम अधिकारी की स्वीकृति के 1,36,683 रुपये का भुगतान भी किया गया। कुल मिलाकर लगभग 2,80,123 रुपये की शासकीय राशि के दुरुपयोग का मामला उजागर हुआ।

## एक ही भुगतान दो बार किए गए

इस पूरे मामले की शिकायत जिला परियोजना प्रबंधक चंद्रभान सिंह द्वारा की गई थी। शिकायत के बाद जिला मिशन प्रबंधन इकाई में वित्तीय वर्ष 2024-25 और 2025-26 के दौरान अंतरिक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान बिल-वाउचर, कैश बुक, लेजर, व्यय पंजी और बैंक स्टेटमेंट का मिलान किया गया। जांच में स्पष्ट हुआ कि कुछ भुगतान एक ही स्वीकृति आदेश के आधार पर दो बार किए गए, जबकि कुछ भुगतान बिना किसी वैध स्वीकृति के सीधे खातों से कर दिए गए।

## पुलिस ने मामला दर्ज किया

जांच रिपोर्ट के आधार पर आरोपी अधिकारी को विभागीय स्तर पर कारण बताओ नोटिस जारी कर जवाब देने का अवसर दिया गया, लेकिन उनका उत्तर संतोषजनक नहीं पाया गया। इसके बाद मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत उमरिया के निर्देश पर कोतवाली थाना में एफआईआर दर्ज कराई गई। थाना प्रभारी मदनलाल मरावी ने बताया कि फर्जी बिल और वाउचर के आधार पर राशि निकाले जाने की पुष्टि हुई है। उन्होंने बताया कि मामला दर्ज कर जांच जारी है। हालांकि फिलहाल गिरफ्तारी नहीं हुई है।

## शहपुरा में विशेष रोजगार मेला 9 को

**शहपुरा।** जिला प्रशासन डिंडोरी, जिला पंचायत डिंडोरी तथा मध्य प्रदेश शासन के पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग अंतर्गत मध्य प्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन द्वारा जिले के सभी विकासखंडों में विशेष रोजगार मेला/युवा संगम का आयोजन किया जा रहा है। इसी कड़ी में 9 फरवरी को जनपद पंचायत शहपुरा परिसर में रोजगार मेले का आयोजन किया जाएगा। इस रोजगार मेले का मुख्य उद्देश्य जिले के बेरोजगार युवक-युवतियों को निजी क्षेत्र की नामी-गिरामी कंपनियों के माध्यम से सीधे भर्ती का अवसर उपलब्ध कराना है। मेले में 5वीं पास से लेकर ग्रेजुएट, आईटीआई एवं अन्य तकनीकी योग्यता रखने वाले अभ्यर्थी भाग ले सकते हैं। इच्छुक युवा अपने आवश्यक दस्तावेजों के साथ मेले में उपस्थित होकर रोजगार के अवसरों का लाभ उठा सकते हैं।




# बड़ागांव प्रीमियर लीग की विजेता बनी शहडोल पुलिस लाइन

**नौरोजाबाद, नवभारत।** उमरिया जिले के जनपद पंचायत करकेली अंतर्गत ग्राम पंचायत बड़ागाँव मे आयोजित बड़ागाँव प्रीमियर लीग सीजन 6 क्रिकेट मैच की विजेता शहडोल पुलिस लाइन बनी, बीते दिवस ग्राम बड़ागांव के फरेस्ट ग्राउंड में बीपीएल किर्केट टूर्नामेंट का भव्य आयोजन शुरू हुआ था जिसका समापन गत दिवस फाइनल मैच के साथ किया गया। फाइनल मैच की शुरुआत में कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व सांसद और पूर्व मंत्री ज्ञान सिंह तथा विशिष्ट अतिथि पूर्व जिला पंचायत सदस्य अर्जुन सिंह द्वारा दोनों टीम के खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया, बड़ागाँव प्रीमियर लीग का फाइनल मैच बड़ागाँव और पुलिस लाइन शहडोल के मध्य खेला गया, जिसमें बड़ागांव की टीम ने टॉस जीतकर शहडोल को बल्लेबाजी के लिए निमंत्रण दिया। शहडोल टीम ने निर्धारित 15 ओवरों में 194 रनों का विशाल स्कोर खड़ा किया। जवाबी पारी खेलने उतरी बड़ागाँव की टीम ने निर्धारित ओवरों में 174 रन ही बना सकी, और शहडोल पुलिस लाइन यह फाइनल मैच 20 रनों से जीतक़र ट्रॉफी में कब्जा किया।

कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि अर्जुन सिंह एवं जनपद सदस्य पूजा बैगा द्वारा विजेता और उपविजेता टीम को नगद पुरस्कार के साथ ट्रॉफी प्रदान की गई, समापन मैच के अवसर पर मुख्य रूप से पूर्व सांसद और पूर्व मंत्री ज्ञान सिंह, पूर्व जिला पंचायत सदस्य अर्जुन सिंह, जनपद सदस्य पूजा बैगा, ग्राम पंचायत के उप सरपंच राम खेलावन कोल, सुरेश बैगा,प्रेमलाल सोनी, रामचरित सोनी, संपत बैगा, बिहारी लाल महोबिया, अनिल मिश्रा एवं हुकुम सिंह सहित हजारों की तादाद में क्रिकेट प्रेमी मौजूद रहे।

# महरोई रेलवे स्टेशन में ट्रेनों के स्टापेज की मांग

- कांग्रेस नेत्री अंजू सिंह समेत जनप्रतिनिधियों ने पमरे महाप्रबंधक को सौंपा ज्ञापन



**चिल्हारी नवभारत 5 फरवरी।** जिले के अंतिम छोर में स्थित महरोई रेलवे स्टेशन में निरीक्षण हेतु पहुंची पश्चिम मध्य रेलवे जबलपुर की महाप्रबंधक शोभना बंदोपाध्याय को जिला महिला कांग्रेस कमेटी उमरिया अंजू सिंह एवं क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों तथा आमजन के द्वारा ज्ञापन देकर यहां पर नहीं रुकने वाली ट्रेनों से हो रही क्षेत्रीय लोगों को हो रही समस्या से अवगत कराते हुए एक ज्ञापन सौंपा।

ज्ञापन में मांग की गई है कि महरोई रेलवे स्टेशन बांधवगढ नेशनल पार्क से महज 25-30 किलोमीटर की दूरी पर स्थित है, जहां देशी-विदेशी पर्यटक भ्रमण हेतु आते रहते हैं। यह राष्ट्रीय उद्यान पूरे विश्व में अपने बाघों के लिए ख्यातिलब्ध है लेकिन यहां ट्रेनों का स्टापेज नहीं होने के कारण क्षेत्रीय जन एवं आम जन भोपाल-इंदौर-जबलपुर-कटनी आने जाने वाले छात्र-छात्राओं को खासी परेशानी का सामना करना पड़ता है।

## महाप्रबंधक ने दिया आश्वासन

ज्ञापन के माध्यम से शक्तिपुंज एक्सप्रेस एवं सिंगरौली से चलकर भोपाल जाने वाली ट्रेन का स्टॉपेज महरोई रेलवे स्टेशन पर कराया जाए तथा चोपन से कटनी एवं कटनी से चोपन चलने वाली पैंसेजर ट्रेन को चालू करने की मांग की गई। इस पर महाप्रबंधक ने आश्वासन दिया कि मैं अपने स्तर पर आप लोगों की मांग को पूरा करने हेतु संबंधित विभाग को अग्रेषित करूंगी। इस दौरान गायत्री तिवारी, वर्षा तिवारी, जनपद सदस्य विजय द्विवेदी, डॉ. अमित कुमार श्रीवास्तव, नीरज सिंह परिहार, रजनीश हलवाई सरपंच अमरपुर, तीरथ प्रसाद कोल, राजेंद्र प्रसाद कचेर, जीतेंद्र द्विवेदी, जानकी प्रसाद सोनी, जिला पंचायत सदस्य सावित्री मौजीलाल चौधरी, रामेश्वर जायसवाल, मनोज कुशवाहा सहित क्षेत्रीयजन उपस्थित रहे।

# छात्रों ने दीं सांस्कृतिक प्रस्तुतियां

- महरोई विद्यालय में वार्षिकोत्सव आयोजित

**चिल्हारी नवभारत।** जिले के मानपुर जनपद अंतर्गत ग्राम महरोई की शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय महरोई में गुरुवार को छात्र-छात्राओं द्वारा वार्षिकोत्सव मनाया गया। विद्यालय के प्राचार्य वीरेंद्र कुमार मिश्रा के कुशल नेतृत्व में आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में नवभारत प्रतिनिधि रमाकांत तिवारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम में सर्व प्रथम मां सरास्वती विद्या की देवी मां सरास्वती का बिधि विधान से पूजा अर्चना किया गयाद्ध तत्पश्चात छात्र-छात्राओं द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया, जो बहुत ही सराहनीय रहा। इस दौरान विद्यालय के कक्षा 12वीं के छात्र-छात्राओं का विदाई समारोह भी आयोजित किया गया। तत्पश्चात विद्यालय के होनहार छात्र-छात्राओं को पुरस्कृत कर सम्मानित किया गया।





# शिक्षा की गुणवत्ता सुधारना प्राथमिकता : वर्मा

- एसडीएम ने प्राथमिक शाला गुतली का किया औचक निरीक्षण

**शहपुरा, नवभारत।** एसडीएम शहपुरा ऐश्वर्य वर्मा ने बुधवार को विकासखंड शहपुरा अंतर्गत प्राथमिक शाला गुतली का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने विद्यालय की शैक्षणिक व्यवस्था, विद्यार्थियों की उपस्थिति, मध्यान्ह भोजन, साफ-सफाई तथा उपलब्ध मूलभूत सुविधाओं का जायजा लिया। एसडीएम वर्मा ने कक्षाओं में जाकर विद्यार्थियों से पाठ्यक्रम संबंधी प्रश्न पूछे एवं शिक्षण गुणवत्ता का अवलोकन किया। उन्होंने शिक्षकों को नियमित रूप से गुणवत्तापूर्ण अध्यापन सुनिश्चित करने, विद्यार्थियों की उपस्थिति बढ़ाने तथा शासन के निर्देशानुसार विद्यालयीन गतिविधियों का प्रभावी संचालन करने के निर्देश दिए।

**कार्य में लापरवाही बर्दाश्त नहीं**-निरीक्षण के दौरान विद्यालय परिसर की स्वच्छता एवं व्यवस्थाओं पर संतोष व्यक्त करते हुए एसडीएम ने आवश्यक सुधार हेतु संबंधित अधिकारियों को समयबद्ध कार्रवाई के निर्देश भी दिए। उन्होंने कहा कि प्राथमिक स्तर पर शिक्षा की गुणवत्ता मजबूत करना शासन की प्राथमिकता है और इसमें किसी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी।


## कार्यालय नगर परिषद नौरोजाबाद, जिला- उमरिया म.प्र.

Email Id-cmonorojabad@mpurban.gov.in

### निविदा सूचना

निम्नलिखित कार्य हेतु केन्द्रीयकृत प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदारों से ऑनलाईन निविदायें आमंत्रित की जाती है। निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाईट https://mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

| क्रं. | टेण्डर क्रमांक एवं जारी दिनांक | कार्य का नाम | कार्य की समयावधि एवं लागत | निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं EMD | निविदा की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 2026_UAD_479928_1 03.02.2026 | वार्ड क्रमांक 01 में खेरमाता मंदिर से छुहाई नाला तक सीसी सड़क निर्माण । | 04 Months 59,27,156.00 | 44,500.00 10,000.00 | 06-Mar-2026 05:30 PM |
| 2. | 2026_UAD_479937_1 03.02.2026 | वार्ड क्रमांक 09 में सुमन बर्मन के घर के पास से नाला तक सीसी सड़क एवं पुलिया निर्माण। | 03 Months 15,16,789.00 | 11,400.00 2,000.00 | 06-Mar-2026 05:30 PM |
| 3. | 2026_UAD_479949_1 03.02.2026 | वार्ड क्रमांक 15 में कायाकल्प रोड से यादव मोहल्ला होते हुए छपरा तालाब तक सीसी सड़क निर्माण। | 03 Months 41,39,260.00 | 31,100.00 5,000.00 | 06-Mar-2026 05:30 PM |
| 4. | 2026_UAD_479968_1 03.02.2026 | वार्ड क्रमांक 02, 06, 08, 09, 12, 13, 14 में सीसी रोड सुदृढ़ीकरण (सड़क डामरीकरण कार्य) | 03 Months 1,51,84,641.00 | 76,000.00 12,500.00 | 06-Mar-2026 05:30 PM |

निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाईन वेबसाईड https://mptenders.gov.in पर ही किया जावेगा, पृथक से समाचार पत्र में नही किया जावेगा। निविदा से संबंधित जानकारी हेतु कार्यालय में संपर्क कर सकते है।

**मुख्य नगर पालिका अधिकारी**
**नगर परिषद नौरोजाबाद**
**जिला उमरिया (म.प्र.)**